>

Title : Need to open branches of nationalised banks at Pipra Block in Supaul Parliamentary Constituency in Bihar.

श्री विश्व मोहन कुमार (सुपौल): महोदय, अपने संसदीय क्षेत्र सुपौल के पिपरा प्रखण्ड की प्रमुख समस्या की ओर माननीय वित्त मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना चाहूंगा कि पिपरा प्रखण्ड में एक भी व्यवसायिक बैंक नहीं है जबकि पिपरा बाजार में प्रखण्ड मुख्यालय थाना, हाई स्कूल, निजी विद्यालय एवं औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा कॉलेज जैसे संस्थान एवं प्रतिष्ठान हैं। बैंक नहीं होने के कारण आम नागरिक, सरकारी कर्मचारी, व्यवसायी एवं विद्यार्थियों को अपना कार्य करने हेतु 30 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है जबकि हम एक महान एवं विकसित भारत का सपना देख रहे हैं जबकि बुनियादी व्यवस्था भी मुहैया नहीं करायी जा सकी है।

अतः जनहित में शीघ्र पिपरा प्रखण्ड मुख्यालय में एक व्यवसायिक बैंक की स्थापना हेतु पहल कर शीघ्र स्वीकृत करने की कृपा करें, जिससे कि आम नागरिक, व्यवसायी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को सहूलियत हो।